बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 – 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बेगूसराय)–68/2020 2607 पटना, दिनांक 31/03/2023

आदेश

बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय के पत्रांक 256 दिनांक 13.02.2023 द्वारा सूचित किया गया है कि श्री मनोज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN02450), श्री वर्षा मंडल, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN04619) एवं श्री कमलेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक(SCL01910) के द्वारा इन्हें आवंटित शिविर में अपने पदस्थापन के बाद कभी योगदान नहीं किया गया है। शिविर में योगदान नहीं देने के फलस्वरूप बंदोबस्त कार्यालय द्वारा इन तीनों कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है।

इन तीनों कर्मियों का बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय में पदस्थापन क्रमशः निदेशालय आदेश संख्या 10654 दिनांक 01.09.2020, आदेश संख्या 11369 दिनांक 02.12.2020 एवं आदेश संख्या 10575 दिनांक 25.08.2020 के द्वारा किया गया है। इतनी लम्बी अवधि तक अपने आवंटित स्थान पर योगदान नहीं देना इनका मनमानापन एवं स्वेच्छाचारिता के साथ–साथ एक अनुशासनहीन कर्मी का द्योतक है। बंदोबस्त कार्यालय स्तर पर मांगे गये स्पष्टीकरण का उत्तर नहीं दिया जाना भी यह परिलक्षित करता है कि ये कार्य करने के अनिच्छुक हैं।

अतः बंदोबस्त कार्यालय से प्राप्त सूचन तथा उपरोक्त तथ्यों के आलोक में **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)"** में वर्णित प्रावधान के तहत श्री मनोज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN02450), श्री वर्षा मंडल, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN04619) एवं श्री कमलेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक(SCL01910) का संविदा अनुबंध रद्द किया जाता है।

(जय सिंह) 31/3/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बेगूसराय)–68/2020 2607 **पटना, दिनांक** :- 31/03/2023

प्रतिलिपि :– श्री मनोज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN02450), श्री वर्षा मंडल, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN04619) एवं श्री कमलेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक(SCL01910), बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बेगूसराय)–68/2020 2607 **पटना, दिनांक** :- 31/03/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बेगूसराय)–68/2020 2607 **पटना, दिनांक** :- 31/03/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय आदेश संख्या 1250 दिनांक 30.01.2023 के अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक 31/3/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप